तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **नरेंद्र राम बेरा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353634841665721	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी नरेंद्र राम बेरा निवासी बेरो की ढाणी, हरियाधाना, विलाड़ा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 14.04.2025 को ई मेल दिनांक 09.04.2025 को श्रीमान जिला कलक्टर के मेल jodhpur.collector@gmail.com पर एक परिवाद (विषय– माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में प्रतिवादियों के विरूद्ध FIR दर्ज करवाने बाबत।) भेजा था, उस पर विभाग द्वारा आदिनांक तक की गई कार्यवाही की दैनिक प्रगति रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 537 दिनांक 30.05.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र दिनांक 27.05.2025 के द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.17 14:30:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15966080